Civil Services (Main)
Examination- 2025

**SLPM–P–SOC**

# समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# SOCIOLOGY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* सामान्य बुद्धि क्या है? सामान्य ज्ञान और समाजशास्त्र एक-दूसरे से कैसे सम्बन्धित हैं? व्याख्या कीजिए।

What is common sense? How are common knowledge and sociology related to each other? Explain.

*(b)* अध्ययन-क्षेत्र और पद्धति के सन्दर्भ में समाजशास्त्र और इतिहास के मध्य क्या सम्बन्ध (समानताएँ एवं विभिन्नताएँ) है? विवेचना कीजिए।

What is the relationship (similarities and differences) between sociology and history in terms of their area of study and methodology? Discuss.

*(c)* सामाजिक अनुसन्धान में चर क्या है? इनके विभिन्न प्रकार क्या हैं? विस्तार से समझाइए।

What is a variable in social research? What are their different types? Elaborate.

*(d)* क्या डिजिटल विश्व में 'पहचान निर्माण' को समझने में मर्टन का संदर्भ समूह सिद्धान्त प्रासंगिक हो सकता है? व्याख्या कीजिए।

Can Merton's reference group theory be relevant in understanding 'identity making' in digital world? Explain.

*(e)* क्या सामाजिक स्तरीकरण का सिद्धान्त लैंगिक रूप से अंधा है? स्पष्ट कीजिए।

Is the social stratification theory gender-blind? Elucidate.

**2.** *(a)* प्रत्यक्षवाद क्या है? इसके विरुद्ध प्रमुख तर्कों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

What is positivism? Critically analyze the major arguments against it. 20

*(b)* मार्क्स द्वारा प्रतिपादित ऐतिहासिक भौतिकवाद की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। समकालीन समाजों को समझने में यह सिद्धान्त किस सीमा तक प्रासंगिक है? व्याख्या कीजिए।

Highlight the main features of historical materialism as propounded by Marx. How far is this theory relevant in understanding contemporary societies? Explain. 20

*(c)* विश्वसनीयता से आप क्या समझते हैं? सामाजिक विज्ञान अनुसन्धान में विश्वसनीयता के महत्त्व की विवेचना कीजिए।

What do you mean by reliability? Discuss the importance of reliability in social science research. 10

**3.** *(a)* दीर्घकालिक निर्धनता को समझने में क्षमता अभाव परिप्रेक्ष्य की तुलना सामाजिक पूँजी अभाव परिप्रेक्ष्य से कीजिए।

Compare capability deprivation approach with that of social capital deprivation in understanding chronic poverty. 20

*(b)* क्या दबाव समूह लोकतन्त्र के लिए एक खतरा है या एक आवश्यक तत्त्व? उपयुक्त उदाहरणों के साथ व्याख्या कीजिए।

Are pressure groups a threat to or a necessary element of democracy? Explain with suitable illustrations. 20

*(c)* उपकल्पना क्या है? सामाजिक अनुसन्धान में उपकल्पना के महत्त्व का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

What is hypothesis? Critically evaluate the significance of hypothesis in social research. 10

4. (a) भारतीय सन्दर्भ में विवाह की आधुनिक प्रवृत्तियों का विवरण दीजिए। ये परम्परागत पद्धतियों से कैसे भिन्न हैं?

Give an account of the recent trends of marriage in the Indian context. How are these different from traditional practices? 20

(b) मोस्का, मिशेल्स और परेटो के अभिजात वर्ग के सिद्धान्तों में समानताओं और विभिन्नताओं को आप किस रूप में पहचानेंगे? इनके मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा कीजिए।

What would you identify as the similarities and differences in the elite theories of Mosca, Michels and Pareto? Discuss their main/crucial issues. 20

(c) विकासशील समाजों की अर्थव्यवस्था में अनौपचारिक क्षेत्र के समाजशास्त्रीय महत्त्व का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Critically analyze the sociological significance of informal sector in the economy of developing societies. 10

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) समाजशास्त्र का विषय-क्षेत्र किस तरह से अद्वितीय है? व्याख्या कीजिए।

In what way is the scope of sociology unique? Explain.

(b) क्या सामाजिक स्तरीकरण पर संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक परिप्रेक्ष्य यथास्थिति को बढ़ावा देता है? अपने उत्तर के लिए कारण बताइए।

Does the structural-functionalist perspective on social stratification promote a status quo? Give reasons for your answer.

(c) क्या आपको लगता है कि औपचारिक कार्यस्थल लैंगिक पूर्वाग्रह से मुक्त होते हैं? अपने तर्क प्रस्तुत कीजिए।

Do you think that the formal workspaces are free of gender bias? Argue your case.

(d) समाजशास्त्र में वेबर का वर्स्टैहेन किस प्रकार से वस्तुनिष्ठता-व्यक्तिपरकता परिचर्चा को सम्बोधित करता है?

How does Weber's Verstehen address the objectivity-subjectivity debate in sociology?

(e) शिक्षा एवं कौशल-विकास किस सीमा तक सामाजिक परिवर्तन का एक माध्यम बन सकते हैं? आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

To what extent can education and skill development be an agent of social change? Critically analyze.

6. (a) विज्ञान क्या है? क्या आपको लगता है कि प्राकृतिक विज्ञानों में प्रयोग की जाने वाली विधियों को समाजशास्त्र में उपयोग किया जा सकता है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताइए।

What is science? Do you think that the methods used in natural sciences can be applied to sociology? Give reasons for your answer. 20

(b) लिंग-आधारित घरेलू श्रम-विभाजन से आप क्या समझते हैं? क्या औपचारिक रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के कारण इसमें कोई बदलाव आ रहा है? अपने उत्तर को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

What do you understand by gender-based domestic division of labour? Is it undergoing a change in the wake of increasing participation of women in formal employment? Clarify your answer with illustrations. 20

(c) आप डिजिटल युग में सामाजिक आन्दोलनों के महत्त्व का आकलन कैसे कर सकते हैं? व्याख्या कीजिए।

How can you assess the significance of social movements in the digital era? Explain. 10

7. (a) सामाजिक अनुसन्धान के सन्दर्भ में निदर्शन से आप क्या समझते हैं? निदर्शन के विभिन्न प्रारूपों पर उनके सापेक्ष लाभ और हानि के साथ चर्चा कीजिए।

What is sampling in the context of social research? Discuss different forms of sampling with their relative advantages and disadvantages. 20

(b) धर्म को समझने में मार्क्स, वेबर और दुर्खीम के सिद्धान्त कैसे भिन्न हैं? व्याख्या कीजिए।

How do theories of Marx, Weber and Durkheim differ in understanding religion? Explain. 20

(c) आधुनिक समाज में विज्ञान और धर्म के बीच सम्बन्ध की प्रकृति क्या है? उपयुक्त उदाहरणों के साथ इसका विश्लेषण कीजिए।

What is the nature of relationship between science and religion in modern society? Analyze with suitable examples. 10

8. (a) संधारणीय विकास से आप क्या समझते हैं? यू० एन० डी० पी० की सस्टेनेबल डेवेलप्मेंट गोल्स रिपोर्ट–2015 में प्रस्तावित संधारणीय विकास के बिन्दुओं की विवेचना कीजिए।

What do you understand by sustainable development? Discuss the elements of sustainable development as proposed in the UNDP's Sustainable Development Goals Report–2015. 20

(b) 'नागरिक समाज संगठनों' जैसे 'एन० जी० ओ०' और 'स्वयं सहायता समूह' धरातलीय स्तर पर सामाजिक परिवर्तनों को लाने में कैसे योगदान करते हैं? विवेचना कीजिए।

How do 'Civil Society Organizations' such as 'NGOs' and 'Self-Help Groups' contribute to grassroot level social changes? Discuss. 20

(c) क्विअर नातेदारी किस प्रकार पारंपरिक नातेदारी व्यवस्था को चुनौती देती है? उदाहरण देकर प्रमाणित कीजिए।

In what way does queer kinship challenge the traditional kinship system? Substantiate by giving illustrations. 10

★★★